दिन– रविवार                                                              दिनांक– 07 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                    अवधि – 15 मिनट

---

01. इंडिगो उड़ान संकट आज भी जारी। पटना एयरपोर्ट से कल से ग्यारह दिसम्बर तक दिल्ली, कोलकाता और बेंगलुरू सहित पांच शहरों की उनतीस जोड़ी उड़ानें रद्द।

02. नागर विमानन मंत्रालय ने विमानों के मनमाने किराए पर लगाई रोक। इकोनॉमी क्लास में पांच सौ किलोमीटर से पंद्रह सौ किलोमीटर की दूरी के लिए ऊपरी किराया सीमित किया गया।

03. उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में एक सौ फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की घोषणा की।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में हुई बढ़ोतरी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना जताई।

---

इंडिगो उड़ान संकट आज भी जारी है। देश के विभिन्न हवाई अड्डों से कई उड़ानों के रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर, पटना हवाई अड्डे पर कल आठ दिसम्बर से ग्यारह दिसम्बर तक इंडिगो की उनतीस जोड़ी फ्लाइट्स रद्द कर दी गयी है। इनमें पटना से दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई की फ्लाइट्स शामिल हैं। देश के विभिन्न एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने पहल शुरू की है। नागर विमानन मंत्रालय ने यात्रियों से मनमाना किराये लेने पर कड़ा रूख अपनाते हुए घरेलू उड़ानों की इकोनॉमी क्लास के किरायों पर ऊपरी सीमा तय कर दी है। अब पांच सौ किलोमीटर तक की दूरी के लिए यात्रियों को साढ़े सात हजार रुपये देने होंगे। वहीं, पांच सौ से एक हजार किलोमीटर तक के लिए बारह हजार रुपये, एक हजार से पंद्रह सौ किलोमीटर तक के लिए पंद्रह हजार रुपये और पंद्रह सौ किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए अठारह हजार रुपये किराया सीमित कर दिया गया है।

---

इधर, नागर विमानन महानिदेशालय, डीजीसीए ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और बड़े पैमाने पर

उड़ानें रद्द होने को लेकर जवाब देने को कहा है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने संवाददाताओं को इस संबंध में जानकारी दी।

———बाइट———

हमने इंडिगो को निर्देश दिया है कि 48 घंटे के भीतर वे सभी बैगेज यात्रियों के घरों तक पहुँचा दें। यह उनकी ज़िम्मेदारी है, इसलिए हमने अधिकतम जवाबदेही इंडिगो पर ही डाली है, क्योंकि समस्या उनकी आंतरिक संचालन प्रक्रिया से ही शुरू हुई थी। हम लगातार में स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। मैं आपको बता सकता हूँ कि पिछले दो–तीन दिनों से हम मंत्रालय में ही लगातार फैसले ले रहे हैं ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो।

इस बीच, सरकार ने इंडिगो को रद्द या बाधित उड़ानों के लिए यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश दिया है कि ऐसी सभी उड़ानों के लिए रिफंड आज रात आठ बजे तक पूरा कर दिया जाना चाहिए।

———————————————————

इधर, विमान संकट को देखते हुए रेलवे कई ज़ोन में नवासी विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। पटना, दिल्ली, मुंबई, पुणे, हावड़ा, हैदराबाद और डिब्रूगढ़ जैसे बड़े शहरों के लिए चलने वाली कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े गए हैं। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक आने–जाने में सुविधा होगी।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में एक सौ फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की घोषणा की है। श्री चौधरी ने कहा है कि राज्य के विभिन्न न्यायालयों में अठारह लाख से अधिक लंबित मामलों के मद्देनज़र ये फास्ट ट्रैक कोर्ट बड़ी राहत देने वाले साबित होंगे। उन्होंने बताया कि पटना में सबसे अधिक आठ फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जायेंगे। जबकि गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर में चार–चार अदालतें स्थापित की जायेगी वहीं, बिहारशरीफ, सासाराम, छपरा, बेगूसराय, हाजीपुर, मोतिहारी, समस्तीपुर और मधुबनी में तीन–तीन फास्ट ट्रैक अदालतें बनाई जायेगी। श्री चौधरी ने बताया कि राज्य के एक सौ फास्ट ट्रैक कोर्ट में बेंच क्लर्क, कार्यालय लिपिक और स्टेनोग्राफर सहित कुल नौ सौ पदों पर कर्मियों की नियुक्ति भी की जाएगी।

———————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि देश में सीआईएसएफ की तर्ज पर बिहार में बीआईएसएफ यानि बिहार इंडस्ट्रियल

सिक्योरिटी फोर्स बनाने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाएगा। श्री जायसवाल ने आज पटना में कहा कि बीआईएसएफ से नये स्थापित होने वाले उद्योगों को पूरी सुरक्षा मिल सकेगी।

---बाइट---

---

खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने राज्य के सभी जिलों में प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए खेल अकादमी स्थापित करने की घोषणा की है। खेल मंत्री ने आज शेखपुरा में बताया कि इन खेल अकादमी में प्रतिभावान बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देकर उन्हें बिहार और भारत का प्रतिनिधित्व करने के योग्य बनाया जाएगा।

---बाइट---

---

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के विधानसभा चुनाव में मशीनरी की जीत वाले बयान पर कहा है कि चुनाव में हार के बाद वह बहाना बना रहे हैं। श्री राय ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बिहार की जनता ने जंगलराज की जगह विकास को प्रमुखता देते हुए अपना वोट दिया है।

---बाइट---

इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने तेजस्वी प्रसाद यादव के बयान पर कहा है कि चुनाव में बुरी हार से वह अनर्गल बात कर रहे हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि चुनाव में जनता ने राजद को पूरी तरह नकार दिया।

---बाइट---

---

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीकें आने वाले समय में भारत के विद्युत वितरण तंत्र को पूरी तरह बदल देंगी। नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ये तकनीकें बिजली नेटवर्क को अधिक स्मार्ट, उपभोक्ता-केंद्रित और स्वयं अनुकूल बनने में मदद करेंगी। उनके अनुसार एआई और

मशीन लर्निंग से विद्युत व्यवस्था न केवल तेज होगी बल्कि उपभोक्ताओं का अनुभव बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों के इस्तेमाल से बिजली कटौतियाँ कम होंगी और बिजली खरीद लागत में भी कमी आएगी।

---

वक्फ संपत्ति सत्यापन के लिए उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्ति अपलोड करने की सुविधा छह दिसम्बर को आधिकारिक रूप से बंद कर दी गयी है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने बताया कि उम्मीद पोर्टल पर पांच लाख से अधिक वक्फ संपत्तियों को शामिल किया गया। मंत्रालय ने यह भी बताया कि छह दिसम्बर तक पोर्टल पर अपलोड की गयी अन्य दो लाख से अधिक वक्फ संपत्तियों का सत्यापन जारी है। वहीं, सत्यापन के दौरान दस हजार से अधिक संपत्तियां खारिज कर दी गई हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने छह जून को इस पोर्टल की शुरूआत की थी।

---

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ उनचास से सात दिसंबर को शहीदों और सैनिकों के सम्मान में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देश के उन वीर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है जो अटूट साहस के साथ देश की रक्षा करते हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सैनिकों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस लोगों की रक्षा करता है और राष्ट्र को मजबूत बनाता है। इधर, सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने इस अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के सभी रैंकों के सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को बधाई दी। श्री चौहान ने भारत की रक्षा तैयारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी दृढ़ सेवा, अदम्य साहस और निरंतर योगदान की सराहना की।

---

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पटना में सशस्त्र सेना झंडा दिवस का फ्लैग लगाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान किया और देश के बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनकी कुर्बानियां अमर हैं। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से पूर्व सैनिकों के फंड में अंशदान करने की अपील भी की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के फुलवारीशरीफ स्थित सुधा डेयरी प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रोडक्शन हॉल, आइसक्रीम प्लांट और दही कोल्ड रूम सहित विभिन्न इकाईयों का निरीक्षण कर उत्पादों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार आठ में कृषि रोडमैप की शुरूआत से राज्य में दूध का उत्पादन बढ़ा है। इससे किसानों और दुग्ध उत्पादकों को काफी फायदा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर उत्पादन बढ़ाने, नई तकनीक अपनाने और डेयरी नेटवर्क के विस्तार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध सहकारी समितियों का विस्तार होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर बनेंगे और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आज शेखपुरा में सबसे कम न्यूनतम तापमान आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पूर्णियां में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता चार सौ पचास मीटर दर्ज की गयी। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है। वहीं, अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों के न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

---

पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद दाउस्कर ने आज पूर्व रेलवे के मुख्य अस्पताल सहित रेलवे की प्रमुख कॉलोनियों का निरीक्षण किया। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने यात्रियों और कर्मचारियों के परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

शेखपुरा के चांदनी चौक पर रोटरी क्लब की ओर से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. इंडिगो उड़ान संकट आज भी जारी। पटना एयरपोर्ट से कल से ग्यारह दिसम्बर तक दिल्ली, कोलकाता और बेंगलुरू सहित पांच शहरों की उनतीस जोड़ी उड़ानें रद्द।

02. नागर विमानन मंत्रालय ने विमानों के मनमाने किराए पर लगाई रोक। इकोनॉमी क्लास में पांच सौ किलोमीटर से पंद्रह सौ किलोमीटर की दूरी के लिए ऊपरी किराया सीमित किया गया।

03. उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में एक सौ फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की घोषणा की।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में हुई बढ़ोतरी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।